अमर उजाला
बरेली | रविवार, 1 जनवरी 2017 amarujala.com

यूपी अंडर 14 क्रिकेट टीम में शामिल हुआ अनंत

बरेली (ब्यूरो)। सिविल लाइंस के रहने वाले अनंत भटनागर का चयन यूपी क्रिकेट अंडर 14 टीम में हो गया है। कड़ी मशक्कत के बाद अनंत तीसरी बार फिर यूपी टीम में खेलेंगे। पांच से कानपुर में कैंप लग रहा है। इसके बाद दस जनवरी से मध्य प्रदेश में चैंपियनशिप होगी।

अनंत भटनागर के पिता अनिल भटनागर किताबों के कारोबारी हैं। अनंत का चयन लगातार तीसरी बार यूपी टीम में चयन हुआ है। एसवी इंटर कालेज के छात्र अनंत एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी में प्रशिक्षण लेते हैं। कोच मनीष सिंह ने बताया कि ट्रॉयल में बरेली से चार खिलाड़ियों का चयन हुआ था। कानपुर कैंप में दो खिलाड़ी बरेली से चुने गए। कुल 25 खिलाड़ी अंतिम कैंप में रहे। 16 खिलाड़ियों की अंतिम टीम में अनंत भटनागर शामिल हैं। अंतर बाए हाथ के स्पीनर हैं। उनको एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति, आदित्य मूर्ति, रमनदीप, अमनदीप, माजिद खान, क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना ने बधाई दी है।